संपादकीय

शांति शिखर सम्मेलन

रूस यूक्रेन युद्ध की समाप्ति का रास्ता तलाशने के उद्देश्य से इस सप्ताह के अंत में स्विट्जरलैंड में एक शाति शिखर सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमें करीब 90 देशों ने हिस्सा लिया।

विश्लेषकों का मानना है कि दो वर्षों के बाद युद्ध विराम को लेकर आयोजित इस शाति शिखर सम्मेलन का उद्देश्य यथार्थपरक है, लेकिन यह आकलन वास्तविकता से कई अर्थो में भिन्न है। सम्मेलन में करीब 100 प्रतिनिधिमंडल आये थे, जिनमें से ज्यादातर पश्चिमी देशों से थे और ये सभी रूस विरोधी थे। यह शिखर सम्मेलन युद्ध विराम और शाति स्थापित करने के उद्देश्य से कोसों दूर इसलिए भी रहा है इसमें रूस को आमत्रित ही नहीं किया गया।

रूस सबसे महत्त्वपूर्ण हितधारक है और जब तक रूस और यूक्रेन वार्ता की मेज पर एक साथ नहीं बैठेंगे तब तक शाति का कोई परिणाम ही सामने नहीं आएगा। इस शाति शिखर सम्मेलन से ठीक पहले जी-7 देशों के सम्मेलन में दुश्मन देश रूस की जब्त 4177 अरब रुपए की संपत्ति यूक्रेने को देने की घोषणा की गई है। यूक्रेन को एक तरफ नाटो देश हथियार दे रहे हैं और दूसरी ओर अमेरिका लगातार फंड दे रहा है। अमेरिका बार-बार कह रहा है कि यूक्रेन को इस तरह की मदद लगातार मिलती रहेगी। अब अगर जी-7 देशों की घोषणा के मुताबिक रूस की जब्त संपत्ति यूक्रेन को दी गई तो एक नया मोर्चा खुल जाएगा। यह दो दिवसीय शाति सम्मेलन था। अंतिम दिन यानी रविवार को एक साझा बयान जारी किया गया जिसमें यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता बरकरार रखने की शर्त को मुख्य आधार बनाया गया है।

भारत सहित 12 देशों ने इस शर्त को नामंजूर करते हुए साझा बयान पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। इन देशों का मानना है कि इस शर्त से टकराव की स्थिति बनी रहने की आशंका है। भारत ने सार्वजनिक रूप से कभी भी रूस को आक्रामक देश नहीं कहा है जैसा कि पश्चिमी देश मानते हैं।

पिछले दिनों एक जनमत सर्वेक्षण में यह बात सामने आई थी कि यूक्रेन की एक बड़ी आबादी का विजय के संदर्भ में निराशावादी रुख है। वे सीमित युद्ध परिणामों को स्वीकार करने के लिए तैयार हैं। यह भी सत्य है कि दो साल से जारी इस भीषण युद्ध के बाद भी जेलेंस्की और पुतिन दोनों के लिए विजय मृगतृष्णा बनी हुई है। युद्ध विराम और शाति स्थापित करने के लिए पश्चिमी देशों को स्वप्नद्रष्टा होने की बजाय जमीनी हकीकत को समझना होगा।

1 जुलाई से बदल जाएगा क्रेडिट कार्ड से बिल पेमेंट का तरीका, लागू होंगे आरबीआई के नए नियम

नई दिल्ली

जून का महीना खत्म होने में महज कुछ ही दिन बचे हैं इसके बाद जुलाई का महीना शुरू हो जाएगा। जुलाई महीना शुरू होते ही क्रेडिट कार्ड से बिल पेमेंट करने वाले लोगों के लिए बड़े अपडेट आ रहे हैं। 1 जुलाई से क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट को लेकर आरबीआई के कुछ नियम लागू होने वाले हैं जिनका सीधा असर उन लोगों पर पड़ेगा जो क्रेडिट कार्ड के जरिए बिल पेमेंट का इस्तेमाल करते हैं। इसका मकसद पेमेंट के प्रोसेस को सुव्यवस्थित करना और इसकी सुरक्षा बढ़ाना है। कुछ प्लेटफॉर्म के जरिये क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट में मुश्किल हो सकती है। इनमें क्रेड, फोनपे, बिलडेस्क जैसे कुछ प्रमुख फिनटेक शामिल हैं।

दरअसल रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने निर्देश दिए हैं कि 30 जून के बाद सभी क्रेडिट कार्ड पेमेंट भारत बिल पेमेंट सिस्टम के जरिए से प्रोसेस की जानी चाहिए। रिपोर्ट के मुताबिक, अभी तक एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक ने बीबीपीएस एक्टिवेट नहीं किया है। वहीं इन बैंकों ने अभी तक निर्देशों का पालन भी नहीं किया है। अभी तक सिर्फ 8 बैंकों ने ही बीबीपीएस पर बिल पेमेंट एक्टिव किया है।

भारत बिल पेमेंट सिस्टम बिल पेमेंट का इंटीग्रेटेड सिस्टम है, जो ग्राहकों को ऑनलाइन बिल पेमेंट सर्विस देती है। यह बिल पेमेंट के लिए एक इंटरऑपरेबल प्लेटफॉर्म है। यह सिस्टम नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया यानी एनपीसीआई के अंतर्गत काम करता है।

नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने बनाया है। भारत बिल-पे एक इंटरफेस है, जो क्रेड, फोनपे, बिलडेस्क, भीम, पेटीएम, मोबिक्विक जैसे ऐप पर मौजूद है। इसके जरिए एक ही प्लेटफॉर्म पर सारे बिल का पेमेंट किया जा सकता है।

अभी तक 26 बैंकों ने इसे इनेबल नहीं किया है। पेमेंट इंडस्ट्री ने 90 दिन तक समय-सीमा बढ़ने की मांग की है। पेमेंट्स काउंसिल ऑफ इंडिया ने इस मामले में क्रक्चढ्ढ के पास याचिका दायर की है। हालांकि, अभी तक रेगुलेटर ने इसपर कोई भी फैसला नहीं किया है।

जीएसटी परिषद में गेमिंग सेक्टर की मांग पर नहीं हुई चर्चा

नई दिल्ली

जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक में गेमिंग सेक्टर की मांग पर किसी प्रकार की चर्चा नहीं हुई। गेमिंग कंपनियां लंबे समय से मांग कर रही हैं कि 28 प्रतिशत जीएसटी दांव पर लगाई जाने वाली पूरी राशि की बजाय इंडस्ट्री द्वारा हासिल किए जाने वाले सकल गेमिंग राजस्व (जीजीआर) पर लगाना चाहिए।

गेमिंग कंपनियों के अनुसार, स्किल आधारित ऑनलाइन गेम्स पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगने से गेमिंग इंडस्ट्री पर काफी नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। इससे फंडिंग में कमी आई है। साथ ही, रोजगार के मौके घट रहे हैं और सेक्टर के भविष्य को लेकर दुविधा की स्थिति है। जेएसए एडवोकेट्स और सॉलिसिटर में पार्टनर मनीष मिश्रा ने कहा कि जीएसटी परिषद की बैठक में ऑनलाइन गेमिंग पर टैक्स को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई है। सेक्टर उम्मीद कर रहा था कि टैक्स की दरों को लेकर कुछ राहत मिलेगी।

ईवाई और यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) की ओर से जारी एक रिपोर्ट में बताया गया है कि अक्टूबर 2023 से नया जीएसटी रिजीम आने के कारण कुछ कंपनियों से वैश्विक निवेशक हट गए हैं। नया जीएसटी रिजीम आने से पहले जीएसटी की लागत कुल आय का 15.25 प्रतिशत थी। एक अक्टूबर, 2023 के बाद 33 प्रतिशत कंपनियों के लिए जीएसटी की लागत आय के 50 से 100 प्रतिशत तक हो गई है। कुछ स्टार्टअप्स के लिए यह लागत आय से भी ज्यादा है। रिपोर्ट में बताया गया कि ये स्टार्टअप नुकसान में कारोबार कर रहे हैं।

क्रिस जॉर्डन ने यूएसए के खिलाफ हैट्रिक लेकर घर वापसी का लुत्फ उठाया

ब्रिजटाउन

इंग्लैंड के क्रिस जॉर्डन ने केंसिंग्टन ओवल में अपने करियर के यादगार क्षण का जश्न मनाया, और हैट्रिक लेकर अपनी टीम को यूएसए पर 10 विकेट की धमाकेदार जीत के साथ-साथ टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह भी दिलाई। बारबाडोस में जन्मे 35 वर्षीय गेंदबाज ने इस रिकॉर्ड को अपने लिए बेहद खास बताया, क्योंकि उनका इस मैदान से गहरा नाता है, जहां से उनकी क्रिकेट यात्रा शुरू हुई थी। सुपर-8 में यूएसए के खिलाफ, जॉर्डन ने 2.5 ओवर में 4/10 का आंकड़ा हासिल किया।

मैच के बाद पत्रकारों से बात करते हुए, जॉर्डन ने अपने होमटाउन में इस तरह की उपलब्धि हासिल करने के बारे में अपनी भावनाओं को साझा किया।

मैच के बाद जॉर्डन ने कहा, मैं जिस जगह पैदा हुआ, जिस जगह मैंने बहुत क्रिकेट खेला, अपने परिवार, दोस्तों के सामने हैट्रिक लेना एक अच्छा दिन था।

मेटा एआई अब भारत में व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम और अन्य पर उपलब्ध

नई दिल्ली

टेक क्षेत्र की दिग्गज कंपनी मेटा ने सोमवार को भारत में व्हाट्सएप, फेसबुक, मैसेंजर, इंस्टाग्राम और मेटा डॉट एआई पर अपने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) असिस्टेंस की उपलब्धता की घोषणा की। इसे लेटेस्ट 'लामा 3' लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) के साथ बनाया गया है।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि देश में लाखों यूजर्स अपने काम को पूरा करने, कंटेंट क्रिएट करने और टॉपिक पर जानकारी प्राप्त करने के लिए फीड, चैट और अन्य ऐप्स में मेटा एआई का उपयोग कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें अपने द्वारा उपयोग किए जा रहे ऐप को छोड़ने की जरूरत नहीं है।

मेटा ने कहा, भारत में इसे अंग्रेजी में शुरू किया जा रहा है। आप व्हाट्सएप, फेसबुक, मैसेंजर और इंस्टाग्राम पर मेटा एआई का इस्तेमाल करके काम कर सकते हैं, सीख सकते हैं, क्रिएट कर सकते हैं और उन चीजों से जुड़ सकते हैं जो आपके लिए बेहद जरूरी हैं।

कंपनी ने पिछले साल के 'कनेक्ट' इवेंट में पहली बार मेटा एआई की घोषणा की थी।

भारत में यूजर्स व्हाट्सएप ग्रुप चैट में मेटा एआई से आपके और आपके दोस्तों के लिए शानदार व्यूज वाले और वेगन रेस्तरां रिकमेंड करने के लिए कह सकते हैं।

कंपनी ने कहा, मेटा एआई से पूछें कि रोड ट्रिप पर रुकने के लिए कौन सी जगह अच्छी है? यदि आप किसी टेस्ट की तैयारी कर रहे हैं तो मेटा एआई से वेब पर मल्टीपल चॉइस टेस्ट के बारे में पूछें।

फेसबुक फीड पर स्क्रॉल करते समय भी मेटा एआई तक पहुंचा जा सकता है।

कंपनी के अनुसार, क्या आपको कोई ऐसा पोस्ट मिला है जिसमें आपकी दिलचस्पी है? आप मेटा एआई से सीधे पोस्ट से ही ज्यादा जानकारी ले सकते हैं।

सुपर-8 में आज भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया, 2023 वनडे विश्व कप का बदला लेना चाहेगी टीम इंडिया

ग्रॉस आइलेट (सेंट लूसिया)

आत्मविश्वास से भरपूर भारत अपने आखिरी सुपर-8 मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को हराकर शान से सेमीफाइनल में जाना चाहेगी। जबकि, अफगानिस्तान से शर्मनाक हार झेलने के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम की नजर टूर्नामेंट में कमबैक पर होगी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यहां सुपर-8 का अहम मुकाबला सोमवार को खेला जाना है।

टी20 में दुनिया की टॉप-2 टीम भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी20 विश्व कप 2024 का बेहद रोमांचक मुकाबला होने वाला है। इस मैच पर ग्रुप-1 की सारी टीमों की नजरें टिकी हैं। टीम इंडिया सेमीफाइनल में पहुंचने की दहलीज पर है।

वहीं, मिचेल मार्श की अगुवाई वाली टीम ऑस्ट्रेलिया पर टूर्नामेंट से बाहर होने के खतरे की तलवार लटकी हुई है। ऐसे में टीम इंडिया के पास वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में अपने ही घर में मिली हार का बदला लेने का यह सुनहरा मौका है।

एक मंच वो था जहां ऑस्ट्रेलिया ने करोड़ों भारतीय फैंस का दिल तोड़ते हुए भारत को करारी शिकस्त दी थी। अब भारत इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को हराकर टी20 विश्व कप 2024 में उसके सफर को खतरे में डाल सकती है।

रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम को सेमीफाइनल में प्रवेश करने के लिए सिर्फ एक जीत की जरूरत है। भारत की इस जीत से ऑस्ट्रेलिया की अंतिम चार चरण में प्रवेश की राह और अधिक मुश्किल हो सकती है। भारतीय दृष्टिकोण से चिंता की कोई बात नहीं है, वह बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग तीनों विभागों में शीर्ष पर है। लेकिन दिग्गजों से शुमार ऑस्ट्रेलिया के सामने अफगानिस्तान से मिली हार के बाद कई मुश्किलें सामने आ गई हैं, जिसे इस टीम को भारत के सामने मैदान पर उतरने से पहले दूर करनी होगी।

टीमें :

भारत: रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या (उप-कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज।

मेजबान टीमें टी20 विश्व कप से बाहर, ग्रुप-2 से सेमीफाइनल में द.अफ्रीका और इंग्लैंड

नार्थ साउंड (एंटीगा)

टी20 विश्व कप कप 2024 में सुपर-8 के ग्रुप 2 से सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दो टीमों का नाम तय हो चुका है। ग्रुप-2 में दक्षिण अफ्रीका ने छह अंकों के साथ पहले स्थान पर रहते हुए क्वालीफाई किया, जबकि इंग्लैंड की टीम चार अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही।

बारिश से बाधित मैच में सोमवार को एंटीगा में दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज की टक्कर हुई। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। टूर्नामेंट की सह मेजबान वेस्टइंडीज ने अफ्रीकी टीम के सामने 136 रन का लक्ष्य रखा। टीम के लिए सबसे ज्यादा रन रोस्टन चेज (52 रन) ने बनाए। इससे पहले काइल मेयर्स ने 35 रन की अहम पारी खेली थी। दक्षिण अफ्रीका की ओर से तबरेज शम्सी ने 3 विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

बारिश की वजह से डकवर्थ लुईस नियम के तहत तीन ओवर्स कम कर दिए गए थे। फिर दक्षिण अफ्रीका को 17 ओवर में 123 रन का लक्ष्य मिला। जवाब में शुरुआती झटकों से उबरते हुए अफ्रीकी टीम ने 16.1 ओवर में 7 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। टीम के लिए ट्रिस्टन स्टब्स ने सबसे ज्यादा 29 रन बनाए, लेकिन मार्को यानसन ने सबसे अहम नाबाद 21 रन की पारी खेली।

इस जीत के साथ ही दक्षिण अफ्रीका ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की और वेस्टइंडीज को टूर्नामेंट से बाहर का रास्ता दिखाया। वहीं वेस्टइंडीज की ओर से रोस्टन चेज ने गेंद और बल्ले से दोहरा प्रदर्शन किया, लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। उन्होंने 52 रन बनाए और 3 विकेट झटके।

दक्षिण अफ्रीका ने 10 वर्षों में पहली बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। इससे पहले इंग्लैंड, अमेरिका को हराते हुए ग्रुप-2 से सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी थी।

आज का राशिफल

मेष: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज सेहत सम्बन्धी समस्याओं से छुटकारा मिलेगा। व्यायाम और खान-पान पर ध्यान दें। किसी जमीन-जायदाद पर चल रहे मुकदमें का फैसला आज आपके पक्ष में आयेगा।

वृष: आज आपका दिन कार्यक्षेत्र में तरक्की दिलाने वाला रहेगा। आपके सारे रुके हुए काम आज पूरे हो सकते है। आज आपके लिए विवाह का प्रपोजल भी आ सकता है।

मिथुन: आज आपका दिन आपकी माता-पिता की सेवा में व्यतीत होगा। किसी शुभ समाचार के मिलने का योग नजर आ रहा है। शाम को बच्चों के साथ अच्छा टाइम बीतेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को आज कोई बड़ा पद मिलेगा।

कर्क: आज आपका दिन शानदार रहेगा। स्पोर्ट से जुडी महिलाओं के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है, किसी अवार्ड से सम्मानित किया जा सकता है। आमदनी में इजाफा होने से अपने आपको कुछ बेहतर महसूस करेंगे, परिवार का वातावरण शांत बना रहेगा।

सिंह: आज आपका दिन उत्तम रहेगा। काम के प्रति डेडिकेशन होने से आप जल्दी ही सफलता की ओर अग्रसर होंगे। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, आज मैथ्स के किसी टॉपिक को अच्छे से क्लियर करेंगे।

कन्या: आज आपका मन उत्साहित रहेगा। जॉब कर रहे लोगों के लिए अच्छे ऑफर्स आने के योग बन रहे है, उनकी सैलरी में इजाफा होगा। मार्केटिंग के बिजनेस से जुड़े लोगों को आज अच्छा ऑफर्स मिलेगा और अधिक से अधिक लाभ होगा।

तुला: आज आपका दिन काफी बेहतरीन रहने वाला है। बुक सेलर्स के लिए आज का दिन बेहद ही लाभकारी रहेगा, बुक्स की सेल ज्यादा ही होगी। बिजनेस साझेदार के साथ आपके रिश्ते में मजबूती बनी रहेगी।

वृश्चिक: आज आपका दिन बढिय़ा रहेगा। किसी मित्र का सहयोग मिलेगा, जिससे आप काफी खुश रहेंगे। साथ ही अपने दोस्तों के साथ मिलकर आज आप कोई पार्टी करेंगे।किसी बात को लेकर भाई –बहन में चली आ रही अनबन आज समाप्त होगी।

धनु: आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। समाज सेवा कर रहे लोगों को आज स्थानीय लोगों द्वारा सम्मानित किया जायेगा, जिससे उनका हौसला बढ़ेगा। भाई बहन के रिश्ते में आज ज्यादा प्यार बढ़ेगा, मिलकर काम करेंगे।

मकर: आज आपका दिन बेहतर रहेगा। कामकाज से जुड़ी चुनौती आज आपके सामने आएगी, लेकिन आप इनसे पार पाने में सफल भी होंगे। आपको अपनी किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा, अचानक धन लाभ के अवसर मिलेंगे।

कुंभ: आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। ऑफिस के काम में आप बिजी रहेंगे जिससे आपके बॉस आपसे खुश रहेंगे। समाज में किसी मुद्दे को लेकर आप अपनी बात दूसरों के सामने रखेंगे, जिसका प्रभाव लोगों पर साफ दिखेगा।

मीन: आज आपको नया अनुभव मिलने वाला है। आज थोड़ी-सी मेहनत से आपको बड़ा मुनाफा होगा। स्पोर्ट्स से जुड़े लोगों को आज उनके कोच द्वारा ट्रेनिंग दी जाएगी, जिसका लाभ उनको खेल के मैदान में मिलेगा।

थलपति विजय की फिल्म ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम का नया गाना चिन्ना चिन्ना कंगल जारी

साउथ सुपरस्टार विजय इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म गोट: ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम को लेकर चर्चा में बने हुआ हैं। फिल्म का क्रेज दर्शकों के बीच अभी से छाया हुआ है। फिल्म के बारे में दर्शकों को आए दिन नई जानकारियां मिल रही हैं, जो उनका उत्साह बढ़ा रही है। बीते दिन फिल्म के दूसरे गाने का प्रोमो जारी किया गया था, जिसके बाद से गाने के रिलीज होने का इंतजार प्रशंसकों द्वारा किया जा रहा था। आखिरकार अब फिल्म का दूसरा गाना रिलीज हो चुका है। विजय की ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम उर्फ गोट का दूसरा गाना चिन्ना चिन्ना कंगल रिलीज किया गया। अभिनेता के 50वें जन्मदिन के अवसर पर प्रशंसकों को खास तोफहा मिला है। इस विशेष ट्रैक में दिवंगत पार्श्व गायिका भवतारिणी की एआई-जनरेटेड आवाज है, जो उनके लिए अभिनेता के जन्मदिन पर श्रद्धांजलि भी है। गोट के निर्माताओं ने चिन्ना चिन्ना कंगाल का गीतात्मक वीडियो जारी किया। दिलचस्प बात यह है कि इस गाने को खुद अभिनेता विजय ने गाया है।

भवतारिणी के भाई और गायक-संगीतकार युवान राजा ने एक्स पर एक भावनात्मक नोट साझा करते हुए गीत के निर्माण को याद किया। उन्होंने लिखा, ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम का दूसरा सिंगल मेरे लिए बहुत खास है।

रोमांटिक कॉमेडी फिल्म त्रिशा ऑन द रॉक्स, कहानी में है दम, किरदारों से हो जाएगा प्यार

कृष्णदेव याग्निक की त्रिशा ऑन द रॉक्स एक मनोरंजक रोमांटिक कॉमेडी है। इसे गुजराती और हिंदी दोनों भाषाओं में रिलीज किया गया है। फिल्म में खूबसूरत किरदार और आकर्षक कहानी दर्शकों को काफी पसंद आ रही है।

फिल्म की कहानी त्रिशा (जानकी बोड़ीवाला) और विशाल (रवि गोहिल) के इर्द-गिर्द घूमती है। त्रिशा जहां जिंदादिल इंसान है और अपनी लाइफ को फुल एन्जॉय करती है, वहीं विशाल शांत व्यवहार का है। दोनों के रिश्ते को बखूबी ढंग से दिखाया गया है, उनकी केमिस्ट्री दर्शकों को आकर्षित करेगी।

जानकी बोड़ीवाला ने त्रिशा के किरदार बेहतरीन तरीके से निभाया है। उन्होंने अपने किरदार में जो एनर्जी दिखायी है, वाकई सराहनीय है।

इंडियन 2 में फिर से दिखने वाला है कमल हासन का जादू, 25 जून को रिलीज होगा फिल्म का ट्रेलर

कमल हासन इन दिनों काफी चर्चा में हैं। इस साल एक के बाद एक उनकी दो बड़ी फिल्में रिलीज होने वाली हैं। वह इस साल कल्कि 2898 एडी और इंडियन 2 में नजर आने वाले हैं। दोनों ही फिल्मों के रिलीज डेट के बीच में महीने भर से भी कम का अंतर है। ऐसे में उनके फैंस के लिए यह किसी तोहफे से कम नहीं है, जिसमें उन्हें अपने पसंदीदा अभिनेता की दो फिल्में लगातार देखने को मिलने वाली हैं। इंडियन 2 इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है, जिसको लेकर अब एक बड़ी जानकारी सामने आ रही है।

कमल हासन इन दिनों कल्कि 2898 एडी में अपने भूमिका के लिए काफी चर्चा बटोर रहे हैं। हाल में ही फिल्म का दूसरा ट्रेलर जारी किया गया है, जिसमें उनके लुक की जबर्दस्त तारीफ हो रही है। पिछले ट्रेलर में उनके द्वारा बोले गए महज एक लाइन के डायलॉग ने फिल्म को लेकर दर्शकों का उत्साह और बढ़ा दिया है। अब अभिनेता अपनी एक और आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म के साथ जल्द ही पर्दे पर दस्तक देने वाले हैं। उनकी फिल्म इंडियन 12 जुलाई को रिलीज होने वाली है। हाल में ही निर्माताओं ने फिल्म के ट्रेलर रिलीज डेट की घोषणा की है, जिसके बाद से अभिनेता के फैंस फिल्म के रिलीज से पहले उनका दीदार करने को बेताब हो रहे हैं।

इंडियन 2 के निर्माताओं ने फिल्म के ट्रेलर रिलीज डेट पर से पर्दा हटा दिया है। फिल्म का ट्रेलर 25 जून को रिलीज किया जाएगा। हालांकि, तारीख तो बता दी गई है, लेकिन अभी शहर और समय की घोषणा नहीं की गई है, जहां फिल्म के ट्रेलर रिलीज इवेंट का आयोजन होगा। बहरहाल, इस घोषणा से अभिनेता के फैंस काफी उत्साहित हो गए हैं।

शब्द सामर्थ्य- 98

बाएं से दाएं

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

ऊपर से नीचे

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 097 का हल

खा	म	खां			इं			
स	ह		ब	र	सा	त		प
	क	हा	नी		न	क	च	ढ़ा
त			स्व			ली		ई
क	या	म	त		क	फ	न	
दी		र्दा		बा	बू		ह	वा
र	ह	ना		ल	त	खो	र	
	वा		नौ	क	र			सा
भा	ई		का			बा	द	ल

सू-दोकू- 98

	7			4		3		
2			3			9		4
	6			2				
3		1			7		4	
	2			1			6	
8			9		4			1
		2		3		7		
1			7		2	4		3
	5	3		8			7	2

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.097 का हल

9	2	8	3	1	5	7	4	6
4	1	6	8	9	7	2	5	3
7	3	5	4	6	2	8	1	9
2	7	3	9	8	1	4	6	5
5	4	1	6	7	3	9	2	8
6	8	9	2	5	4	1	3	7
3	6	2	7	4	9	5	8	1
8	5	7	1	2	6	3	9	4
1	9	4	5	3	8	6	7	2